CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 149 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार ,17 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## मोहन भागवत बोले उपहास से समर्पण तक, संघ का सफर संघर्षों से भरा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में संघ की प्रारंभिक यात्रा, कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठन की फंडिंग व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ आज जहाँ पहुँचा है, वहाँ तक का मार्ग उपहास, कठिनाई और संघर्ष से होकर गुजरा है।

भागवत ने कहा कि शुरुआती दौर में संघ के काम को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। डॉक्टर हेडगेवार और संघ के कार्यों पर लोग हंसते थे। उन्होंने बताया लोग कहते थे, नाक साफ करना नहीं आता और ये बच्चे राष्ट्र निर्माण करेंगे । भागवत ने कहा कि उस समय न संसाधन थे, न शरीर चल सके, इतनी भी व्यवस्था नहीं थी, लेकिन कार्यकर्ताओं के समर्पण ने संगठन को खड़ा किया।

उन्होंने शुरुआती दिनों के एक प्रचारक का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें भागलपुर भेजा गया था। हेडगेवार ने उन्हें सिर्फ एक टिकट और लगभग डेढ़ रुपया दिया था। वह प्रचारक पटना-भागलपुर की लोकल ट्रेन में ही रात बिताते, स्टेशन की सुविधाओं का उपयोग करते और दिनभर घर-घर जाकर कार्य विस्तार करते। खाने की कोई व्यवस्था नहीं होती, तो चने खरीदकर ही पेट भरते थे। मोहन भागवत ने एक स्वयंसेवक और उसकी मां की कहानी भी



साझा की।

उन्होंने बताया कि एक ब्राह्मण जब स्वयंसेवक के घर गया तो देखा कि वह युवक खुद सूखी रोटी खाकर, ताजी रोटियाँ उसी को परोस रहा था।


मां को पता चला कि बेटा हिंदू समाज के उत्थान के लिए करियर के सभी अवसर त्याग चुका है। उसके बाद उस मां ने निर्णय लिया कि जब तक यह ब्राह्मण भोजन के लिए नहीं आएगा, मैं भी भोजन नहीं करूंगी। भागवत ने कहा कि यह व्यवस्था लगातार तीन पीढ़ियों तक चलती रही।

मोहन भागवत ने बताया कि संघ को मिलने वाला धन किसी बाहरी स्रोत से नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों की 'गुरु दक्षिणा' से आता है। उन्होंने कहा हमारे स्वयंसेवक खर्चे चलाने भर की राशि ही नहीं देते, बल्कि अपनी व्यक्तिगत जरूरतों में कटौती करके भी बचत संघ को समर्पित करते हैं।

भागवत ने कहा कि संघ की शक्ति न धन में है, न बाहरी संसाधनों में, बल्कि उन कार्यकर्ताओं के त्याग और अनुशासन में है, जिन्होंने छोटी-छोटी शुरुआतों से संगठन को विशाल रूप दिया।

## सोशल मीडिया पर हड़दंग का वीडियो वायरलः तीन युवक गिरफ्तार

### शहर में टंटेबाज़ी, डोरबेल बजाकर भागने और जनता को परेशान करने पर कार्रवाई



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में बाइक पर टंटेबाज़ी, रात में घरों की घंटी व गेट बजाकर भागने और इन हरकतों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर सोशल मीडिया सेल और भीमगंज थाना पुलिस की टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कुछ युवक सड़कों पर बाइक से हड़दंग मचाते, मोहल्लों में डोरबेल व गेट बजाकर भागते और आमजन को परेशान करते नजर आए। वीडियो संज्ञान में आने पर एसपी ने सोशल मीडिया सेल को तुरंत पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सोशल मीडिया सेल ने वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की। इसके बाद भीमगंज थाने की टीम ने तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि उन्होंने एक फिल्म देखकर हवाबाज़ी के उद्देश्य से यह हरकत की। बाइक पर लोगों को परेशान करना, रात में घरों की डोरबेल बजाकर भाग जाना और इस सबका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना ही उनका मकसद था।

कपि कुमार पुत्र ललित मेवाड़ा , उम्र 18 वर्ष, निवासी नेहरू विहार, सक्षम जैन पुत्र मुकेश कुमार जैन, उम्र 18 वर्ष, निवासी सोना रसोई के पास, सांगानेरी रोड एवं शौर्य प्रताप पुत्र भानु प्रताप सिंह, उम्र 19 वर्ष, निवासी आर सी व्यास कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है । जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा है कि शहर में हुड़दंग, वाहन पर टंटेबाज़ी और आमजन को परेशान करने वाली हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। ऐसे कृत्यों में शामिल युवकों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## राजस्थान को मिला नया मुख्य सचिवः अनुभवी आईएएस वी. श्रीनिवास को बड़ी जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा देने के लिए भजनलाल सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी. श्रीनिवास को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी कर लौटे श्रीनिवास 1989 बैच के उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिनकी पहचान उनकी तेज निर्णय क्षमता, सटीक प्रशासनिक पकड़ और संवेदनशील विषयों पर गहरी समझ के लिए की जाती है।



केंद्र में रहते हुए श्रीनिवास ने कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों और परियोजनाओं में अपनी दक्षता का परिचय दिया। नीति निर्माण से लेकर सुशासन तक, उनकी कार्यशैली हमेशा परिणाम-केंद्रित और प्रभावी मानी गई है। इसी अनुभव को देखते हुए भजनलाल सरकार ने उन्हें राज्य के शीर्ष प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपी है।अधिकारियों और राजनीतिक हलकों का मानना है कि श्रीनिवास की तैनाती से राज्य में प्रशासनिक कार्यों की गति बढ़ेगी। विशेषकर आधारभूत संरचना विकास, निवेश आकर्षित करने के प्रयास,

ग्रामीण और शहरी योजनाओं की मॉनिटरिंग, नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन जैसे क्षेत्रों में उनकी भूमिका निर्णायक होगी। शासन-प्रशासन के बीच सुचारु तालमेल बैठाना उनका प्राथमिक एजेंडा माना जा रहा है।

राज्य में तेजी से बदलते प्रशासनिक माहौल के बीच अनुभवी नेतृत्व की कमी महसूस की जा रही थी। ऐसे में श्रीनिवास की नियुक्ति को सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। सरकार को विश्वास है कि उनकी अगुवाई में लंबित परियोजनाओं को नई रफ्तार मिलेगी और सुशासन को मजबूत आधार मिलेगा।

राजस्थान में बड़े प्रशासनिक सुधारों, पारदर्शिता और तेज निर्णय प्रक्रिया की दिशा में यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## महिला से सोने की चैन झपटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने नीलकंठ कॉलोनी में 60 वर्षीय महिला से सोने की चैन छीनने की वारदात का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम गठित द्वारा की गई है ।

पुलिस ने बताया की बीते 12 नवंबर को पीड़िता चैना चौधरी, सूर्यमहल होटल में कार्यक्रम से लौटकर घर जा रही थीं। नीलकंठ कॉलोनी के पास मोटरसाइकिल पर आए तीन युवक उसके पीछे पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने अचानक झपट्टा मारकर गले से करीब 15 ग्राम की सोने की चैन छीन ली और तीनों मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की । गहन तलाश के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल तीन युवकों शम्भूलाल पुत्र कालू माली 18 वर्ष, निवासी संजय कॉलोनी, सुभाषनगर, राहुल कोली पुत्र डालचंद कोली 19 वर्ष, निवासी सांगानेरी गेट, सुभाषनगर एवं किशनलाल पुत्र रामलाल माली 27 वर्ष, निवासी शर्मा कॉलोनी, विजयनगर, ब्यावर को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है ।

## डोटासरा का आरोप-चुनाव से भाग रही राज्य सरकार, जनता सबक सिखाएगी

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।**

अंता उपचुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को सीकर में मीडिया से बातचीत करते हुए राज्य सरकार, निर्वाचन प्रक्रिया और प्रशासनिक कामकाज पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर नगर निकाय और पंचायतीराज चुनावों को लटका रही है और अब कांग्रेस इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

### परिसीमन पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

डोटासरा ने कहा कि निर्वाचन आयोग को परिसीमन के लिए 31 दिसंबर तक समय देना समझ से परे है। उन्होंने सवाल उठाया

आप कह रहे हो कि परिसीमन में आपकी कोई दखल नहीं, फिर खुद ही समय क्यों दे रहे हो? इनका परिसीमन तो जून तक पूरा हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में जाकर इस पर आपत्ति दर्ज करवाएगी।

### नगर निकाय और पंचायतीराज चुनाव टालने का आरोप

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में नगर निकाय चुनावों को हुए 5 साल से अधिक समय बीत चुका है और कई ग्राम पंचायतों के चुनाव भी लंबित हैं। राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों को व्यवस्था से बाहर रखना चाहती है, इसलिए चुनाव नहीं करवा रही। ब्यूरोक्रेसी के भरोसे सरकार चलाने की मंशा है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने पहले प्रक्रिया शुरू की थी लेकिन सरकार ने उसे रोक दिया।

वन स्टेट-वन इलेक्शन पर भी डोटासरा ने कहा कि यह केवल दिखावा है, इस पर कोई ठोस पहल सरकार ने नहीं की।

### अंता उपचुनाव पर बोले जनता ने सरकार को आईना दिखाया

डोटासरा ने अंता उपचुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा अंता की जनता ने साफ संदेश दे दिया कि सरकार ने कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी वहां कामकाज की कमियां गिनाईं और मुख्यमंत्री मंच पर हंसते हुए उन्हें लिख रहे थे। इसी एक एपिसोड ने सरकार की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि 2 साल में सरकार ने जमीन पर कोई काम नहीं किया, केवल बयानबाजी और आंतरिक कलह में समय बिताया।

### ओबीसी आरक्षण आयोग पर भी निशाना

डोटासरा ने कहा कि 2021-22 के फैसले के अनुसार ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग बनना आवश्यक था।

भाजपा सरकार को आए 2 साल हो गए, लेकिन कमीशन को न बजट दिया गया, न संसाधन। उसकी प्रक्रिया आज तक शुरू नहीं हो पाई। केवल कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है।

### हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

डोटासरा ने कहा कि हाईकोर्ट ने 6 महीने में चुनाव करवाने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार टालती रही। डबल बेंच में गई तो स्टे नहीं मिला, सुप्रीम कोर्ट में भी राहत नहीं मिली। अब ताजा आदेश में हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव करवाने को कहा है, लेकिन सरकार फिर भी सक्रिय नहीं है।



### सीएस और मंत्रियों को लेकर भी बयान

उन्होंने कहा कि पुराने मुख्य सचिव सबका ताबीज बनकर गए ,और अब नए सीएस से मंत्रियों की अपेक्षा है कि वे उनके अनुरूप एसए नियुक्त करें ताकि विभागीय काम चल सके। उन्होंने कहा सरकार में तालमेल नहीं है, मंत्री जैसे-तैसे बयान देकर काम चला रहे हैं।

### चुनाव होंगे तो सरकार का सूपड़ा साफ होगा

डोटासरा ने कहा कि सरकार चाहे जितना समय टाल ले, चुनाव एक दिन होने ही हैं।

जब चुनाव होंगे, जनता सबक सिखाएगी। अंता उपचुनाव की तरह इनकी हालत साफ दिख जाएगी।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# उपखण्ड विलोपन पर गुस्सा: बिजौलिया में मोर्चाबंदी तेज, आज बड़ा प्रदर्शन

## संगठनों की संयुक्त बैठक में गूंजा एक स्वर उपखण्ड हटाया तो बढ़ेगी आमजन की परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



उपखण्ड कार्यालय के संभावित विलोपन को लेकर बिजौलिया क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। रविवार को अभिभावक परिषद के आह्वान पर बन्नी के बालाजी परिसर में सामाजिक, राजनीतिक व व्यवसायिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, जिसमें उपखण्ड बचाने को लेकर जोरदार चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए अब संघर्ष को संगठित रूप दिया जाएगा और उपखण्ड बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उपखण्ड कार्यालय हटने से ग्रामीणों पर भारी आर्थिक बोझ आएगा। लोगों को रोजमर्रा के सरकारी कार्यों, प्रमाण-पत्रों, शिकायतों और प्रशासकीय मामलों के लिए बार-बार लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। न्यायिक कार्यों में देरी होगी और कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियाँ बढ़ेंगी। साथ ही कई सरकारी योजनाओं से वंचित होने की भी आशंका जताई गई।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 नवंबर को सुबह 11 बजे उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का गठन कर आंदोलन की अगली रूपरेखा तय की जाएगी। उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य से जुड़ा सवाल है।

बैठक में यह भी तय हुआ कि उपखण्ड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, महिला शक्ति, युवा संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से व्यापक सहयोग लेकर 'बिजौलिया उपखण्ड बचाओ अभियान' को जनांदोलन का रूप दिया जाएगा।

बैठक में उपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल धाकड़, किराणा व्यापार संघ अध्यक्ष पंकज हरसोरा, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष कमल किशोर, रावणा राजपूत समाज अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, किराड़ समाज अध्यक्ष रामस्वरूप किराड़, पथिक क्लब अध्यक्ष रवि सोनी, परिषद अध्यक्ष सुमित जोशी, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीलाल सुराणा व अनिल धाकड़, जि.प.स. सदस्य अंकित तिवाड़ी, पूर्व पार्षद निलेश नलवाया, रईस मोहम्मद, नरेश सोनी, यशवंत पुगलिया, योगेश जैन, सुधीर कोतवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा द्वारा महिला संवर्ग संगोष्ठी आयोजित




बिजौलिया : महिला संगोष्ठी में उपस्थित महिलाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की उपशाखा द्वारा महिला संवर्ग संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती व भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श विद्या मंदिर की आचार्या रुक्मणी गोंड ने की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रताप कीर्ति और सावित्री सोनी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता प्रताप कीर्ति ने वर्तमान समय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किए और रानी बाका देवी के प्रेरणादायी जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। दूसरी मुख्य वक्ता सावित्री सोनी ने संगठन परिचय, उसकी भूमिका और उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी में उपखण्ड क्षेत्र की अनेक महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही शाखा के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा और सभापति गोपाल स्वर्णकार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# एनएच-27 पर दो ट्रेलरों की जोरदार टक्कर, चालक बाल-बाल बचा



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

नेशनल हाईवे कोटा-चित्तौड़गढ़ एनएच-27 पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। कोटा से गुजरात की ओर जा रहे गेहूं से भरे ट्रेलर को पीछे से तेज रफ्तार में आए दूसरे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे से आया ट्रेलर आगे वाले ट्रेलर की ट्रॉली में घुस गया।

सूचना मिलते ही पुलिस चौकी से कांस्टेबल हाकिम सिंह गुर्जर और एनएच कर्मी मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि आगे वाले ट्रेलर के चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाद में दोनों वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारु किया गया।

# बनास बचाओ आंदोलन- धरना स्थल पर महापंचायत का आह्वान आज

## 21 दिनों से ग्रामीणों का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना

**भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के आकोला गांव के पास बनास नदी में लीज धारक द्वारा बजरी दोहन के विरोध में चांदगढ़ में चल रहे बनास बचाओ आंदोलन का रविवार को 21 वें दिन भी जारी रहा, जिसको लेकर सोमवार को महापंचायत का आह्वान किया ।

बनास नदी में लीज धारक महादेव एंक्लेव प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वैध बजरी खनन के खिलाफ ग्रामीणों का यह आंदोलन को 21 दिन हो चुके हैं । गत सोमवार से नागौर से आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के निर्देश पर भेजे गए आरएलपी नेता लादूराम गोदारा धरना स्थल पर बैठे हुए है । ग्रामीणों ने कई बार अधिकारीयों से वार्ता व ज्ञापन सौंपे, लेकिन अब तक लोगों को इसका नतीजा नहीं मिला, ग्रामीणों की मांग है कि जेसीबी मशीन से बजरी ना भरकर लोगों से बजरी भरवाई जाए ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके, आंदोलन को 21 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन व अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने पर प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को महापंचायत का आह्वान किया, जिसमें क्षेत्र के लोगों को से एकजुट होकर बजरी खनन के खिलाफ अपनी आवाज को और मजबूत से उठा सके, इसके लिए सोमवार दोपहर 11 बजे चांदगढ़ में आयोजित धरना स्थल पर पहुंचने का आह्वान किया, वही प्रदर्शनकारियों ने लीज धारक व प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया ।

# विधायक के आवास पर लगी आग, दस्तावेज कंप्यूटर जलकर राख



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

विधायक गोपाल खंडेलवाल के निवास स्थान होडा परिसर में अचानक आग लगने से कंप्यूटर, लेखन सामग्री सहित फर्म से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। आग लगने के बाद करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने स्थिति पर काबू पाया।

विधायक खंडेलवाल की पत्नी दुर्गा देवी ने मांडलगढ़ थाने में रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि आग लगने से उनकी फर्म से संबंधित दस्तावेज, कंप्यूटर और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है।पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# आयुषी चित्तौड़ा को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ ने क़स्बा निवासी आयुषी चित्तौड़ा पिता हरमोहन चित्तौड़ा को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।आयुषी ने विज्ञान संकाय के निदेशक डॉ. जय सिंह जोधा के निर्देशन में नैनो कणों के संश्लेषण, गुणधर्म एवं जलीय उपचार में उपयोगिता विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया। अपने अनुसन्धान में आयुषी ने हरित रसायन विधि के माध्यम से पादप अवयवों का उपयोग कर नैनो कणों के निर्माण तथा जल शोधन में उनकी प्रभावशीलता का विस्तृत अध्ययन किया। विश्वविद्यालय ने अभिनव शोध कार्य को सराहते हुए आयुषी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ



# शक्करगढ़-बरोदा सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग किसान व छात्र-छात्राएं रोज़ाना परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

शक्करगढ़ से बरोदा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी है। जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ा डामर और टूटी सतह के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति पिछले कई महीनों से लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से अब तक किसी भी तरह की मरम्मत या सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया।

### किसान सबसे ज़्यादा प्रभावित


क्षेत्र के किसान अपनी कृषि उपज को कस्बे तक ले जाने में भारी दिक्कतें झेल रहे हैं। बारिश के दिनों में तो ट्रैक्टर और वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे समय और धन दोनों का नुकसान होता है।

### छात्र-छात्राओं के लिए रोज़ की चुनौती

विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भी यह टूटी सड़क रोज की मुसीबत बनी हुई है। कई बार बाइक सवार युवक एवं युवतियों को फिसलने और दुर्घटना का खतरा रहता है।

### ग्रामीणों ने जिम्मेदार विभाग से की त्वरित कार्यवाही की मांग

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से सड़क का निरीक्षण कर जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।



# थाने से 100 मीटर दूर दुकानदार पर हमला, पुलिस की लापरवाही उजागर

## 20 मिनट तक चलता रहा हंगामा, आवाजें थाने तक पहुंची फिर भी नहीं पहुंची पुलिस

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

कस्बे में शुक्रवार शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां थाने से महज 100 मीटर दूरी पर आधा दर्जन बदमाशों ने एक दुकानदार पर हमला कर बुरी तरह मारपीट की। सबसे गंभीर बात यह रही कि करीब 20 मिनट तक चले इस हंगामे की आवाजें थाने तक पहुंचती रहीं, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। हमले के दौरान पीड़ित और स्थानीय लोगों ने थाने में कई बार फोन कर सूचना भी दी, फिर भी पुलिस की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ तौर पर कैद है।

जानकारी के अनुसार, रेगर मोहल्ला निवासी दुकानदार अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी धुलखेडा क्षेत्र के रहने वाले करीब छह युवक वहां पहुंचे और बिना किसी वजह के बहसबाज़ी शुरू कर दी। कुछ ही देर में युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया, लेकिन हमलावर लगातार दबाव बनाते रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि थाने की दूरी सिर्फ कुछ कदम है, इसके बावजूद पुलिस का मौके पर न पहुंचना गंभीर लापरवाही है।



पीड़ित दुकानदार ने थाने में लिखित शिकायत दी है। देर रात तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराज़गी है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस बदमाशों की पहचान कर तुरंत सख्त कार्रवाई करे, ताकि क्षेत्र में ऐसे घटनाक्रम दोबारा न हों।

# त्रिवेणी संगम पर निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।

त्रिवेणी संगम पर सकल चौंकला तेली समाज एवं अखिल भारतीय तेली महासभा द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

शिविर में कुल 249 रोगियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 101 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए। इन मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन 17 और 19 नवंबर को भीलवाड़ा में करवाए जाएंगे।



धर्मशाला अध्यक्ष कैलाश नैनवा द्वारा सभी समाजबंधुओं, चिकित्सा टीम व सहयोगी महानुभावों का स्वागत-अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, बरुंदनी प्रशासक गजेंद्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता बसंती लाल ओसवाल, अखिल भारतीय तेली महासभा कोटा के अध्यक्ष लालचंद राठौर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री लादू लाल तेली, प्रांतीय शारीरिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिव चंद्रवाल , रामेश्वर नवा बारां, महिला अध्यक्ष रामकन्या तेली, छात्रावास अध्यक्ष सोनू जड़ला, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र सिंगोली, गोवर्धन वैष्णव, पार्षद गुड्डू ओसवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन लादू लाल तेली ने किया।

# सांसद अग्रवाल ने की जनसुनवाई 5 घंटे तक लगातार सुनी आमजन की समस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बिहार चुनावों की जिम्मेदारी निभाकर लौटे भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सांसद जनसंवाद केंद्र पर आमजन व कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई लगभग 5 घंटे तक निरंतर चली, जिसमें लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भाजपा आलाकमान ने अग्रवाल को बिहार विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी। उनकी अगुवाई में परिहार विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी गायत्री देवी ने 17 हज़ार मतों से विजय हासिल की। लगभग एक माह तक बिहार में प्रवास के बाद सांसद अग्रवाल सीधे जनसुनवाई के लिए आमजन के बीच पहुंचे।



जनसुनवाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में आए कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सांसद अग्रवाल ने अधिकांश प्रकरणों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल फोन पर बात कर त्वरित समाधान करवाया। कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई शुरू हो गई, जिससे लोगों को राहत मिली।

बिहार विजय के बाद जनसुनवाई में पहुंचे भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सांसद अग्रवाल का अभिनंदन और स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश भट्ट, शाहपुरा पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, पूर्व चेयरमैन विनोद ओस्तवाल, धनराज गुर्जर, संजय धाकड़, प्रेम गर्ग, रामानुज सारस्वत, ओम साईराम, कैलाश सुवालका, गौतम शर्मा, जगदीश डिडवानिया, हनुमान राणावत, लोकेश खंडेलवाल, अनिल अग्रवाल, राकेश कसेरा, अरुण जैन सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### विधायक मीणा ने किया 25 लाख की लागत से बने छाया ग्रह का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर,



गजानंद जोशी

विधानसभा क्षेत्र के बिहाडा पंचायत के जीरा गांव में राज्य सरकार की माडा योजना एवं विधायक कोष से भगवान भोलेनाथ के मंदिर के पास नवनिर्मित छाया गृह राशि 25.00 लाख का लोकार्पण रविवार को जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता निर्भय गिरी निजी सहायक जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार द्वारा किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन,भाजपा नेता ज्ञानचंद कंजर,युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय मीणा,भाजपा नेता सुनील सेन,युवा नेता सोनू सुवालका,समाजसेवी बालू राम मीणा, सहित जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम फेमिना द्वारा बालिका विद्यालय में मेंसुरेशन हाइजीन सेमिनार आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम फेमिना द्वारा महात्मा गांधी गवर्नमेंट बालिका विद्यालय में मेंसुरेशन हाइजीन पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर 250 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित कर स्वच्छता संबंधी उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी संबंधी भ्रमों को दूर कर सही जानकारी व आत्मविश्वास देना था।

कार्यक्रम के शुरुआत में अध्यक्ष सपना कोठारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमशंकर जोशी, उप-प्रधानाध्यापक मीनाक्षी, फेमिना की सभी सदस्यों तथा उपस्थित बालिकाओं का स्वागत किया। सेंट्रल जोन फेमिना कन्वीनर पायल बूलिया ने बच्चियों को माहवारी के दौरान घबराने के बजाय इसे जीवन का प्राकृतिक हिस्सा मानते हुए स्वच्छता और सही देखभाल व इस्तेमाल के महत्व को समझाया। को-ऌकन्वीनर नीतु सुतरिया ने विशेष रूप से 11 से 13 वर्ष की उन बालिकाओं को जागरूक किया जिनका मेंसुरेशन अभी प्रारंभ नहीं हुआ है।

विद्यालय की उप-प्रधानाध्यापक मीनाक्षी मैडम ने तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम फेमिना की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन फेमिना भीलवाड़ा कन्वीनर सोनल मारू ने किया तथा आभार को-ऌकन्वीनर पूजा चंडालिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका कोठारी, पूजा कोठारी तथा विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ!

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# लखमणियास में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता शुरू, प्रधान करण सिंह बेलवा ने किया शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के लखमणियास गांव में रात्रिकालीन वीर तेजा कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज शनिवार रात उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। तेजाजी चौक पर 15 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन वीर तेजाजी महाराज गौशाला समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा और कोटड़ी मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। मौके पर लसाड़िया के पूर्व सरपंच तेजसिंह चारण, आरएलपी नेता लादूराम गोदारा, लखन जाट, आरएलपी जिला अध्यक्ष प्रत्याशी रायमल जाट, भैरूलाल गाड़री, कैलाश जाट, हजारी जाट, हरि वैष्णव, गोपाल जाट, दिनेश जाट, प्रभुलाल जाट, पप्पू गाड़री, कन्हैयालाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पहले दिन के मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। उद्घाटन मैच में मांडलगढ़ फर्स्ट को कोटड़ी सेकंड ने एकतरफा मुकाबले में 47-15 से मात दी। दूसरा मुकाबला बनकाखेड़ा और रीठ के बीच खेला गया, जिसमें बनकाखेड़ा की टीम ने 35-30 से जीत अपने नाम की। तीसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें कालांश ने मेजबान लखमणियास को 41-38 अंकों से हराया।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हज़ार एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 11 हज़ार व ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान की टीम को 5,100 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

# बालाजी सुपर किंग्स ने श्याम सुपर हीरोस को रोककर दर्ज की पहली जीत , सगस स्ट्राइकर का फाइनल खेलना लगभग तय

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र की बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के चावडिया गांव में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, वहीं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में गौ भक्त मदनलाल पुरोहित, पुष्पालाल तिवारी, अमर सिंह सोलंकी, कन्हैयालाल जाट, जगदीश चंद्र जाट, पिंटू ओझा और महावीर वैष्णव उपस्थित रहे।

पहला मुकाबला सगस स्ट्राइकर बनाम श्याम सुपर हीरोज के बीच हुआ । पहले बल्लेबाजी करते हुए सगस स्ट्राइकर ने 64 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्याम सुपर हीरोज की टीम 39 रन पर ही सिमट गई। शानदार प्रदर्शन के लिए पूरन सेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला चारभुजा रॉयल्स बनाम जगदंबा टाइटंस के बीच हुआ । जिसमे चारभुजा रॉयल्स ने पहले खेलते हुए 88 रन बनाए। जवाब में जगदंबा टाइटंस की टीम 63 रन ही बना सकी। इस मैच में सांवर ओझा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। तीसरा मुकाबला बालाजी सुपर किंग्स बनाम श्याम सुपर हीरोज के बीच हुआ । श्याम सुपर हीरोज ने पहले खेलते हुए 58 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में बालाजी सुपर किंग्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर अपनी पहली जीत दर्ज की। बलवीर सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। चौथा मुकाबला जगदंबा टाइटंस बनाम सगस स्ट्राइकर के बीच हुआ । जगदंबा टाइटंस ने पहले खेलते हुए 51 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सगस स्ट्राइकर ने 8 ओवर में जीत हासिल कर ली। मनोज ओझा प्लेयर ऑफ द मैच बने।

दिनभर के शानदार प्रदर्शन के साथ सगस स्ट्राइकर का फाइनल में पहुँचना लगभग तय माना जा रहा है, वहीं बाकी टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा और रोमांच बढ़ गया है।

# बसंत पंचमी पर होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह

**क्षत्रिय कुमावत समाज छात्रावास विकास समिति शाहपुरा की बैठक सम्पन्न**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** क्षत्रिय कुमावत समाज छात्रावास विकास समिति, शाहपुरा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को छात्रावास प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता भंवरलाल धमाणिया ने की। बैठक में समाज की एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक सुधार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

आगामी बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

सामूहिक विवाह और प्रतिभा सम्मान के लिए पंजीकरण 31 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। समिति ने अधिक से अधिक जोड़ों को भाग लेने का आग्रह किया।

बैठक में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने, सामाजिक एकता बढ़ाने और शिक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।पूर्व अध्यक्ष शिवराज ओस्तवाल ने कहा सामूहिक विवाह से अनावश्यक खर्च कम होते हैं और शिक्षा ही समाज को नई दिशा देती है।

सम्मेलन की तैयारियों के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया और जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। भामाशाहों ने आर्थिक व सामाजिक सहयोग का आश्वासन दिया।

सम्मेलन की तैयारियों पर निगरानी के लिए हर रविवार सुबह 11 बजे नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।अंत में अध्यक्ष भंवरलाल धमाणिया ने सभी समाजबंधुओं और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# रानी अब्बक्का देवी की 500 वीं जयंती पर महिला संवर्ग संगोष्ठी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**पेसवानी।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा शाहपुरा द्वारा वीरांगना रानी अब्बक्का देवी चौटा की 500वीं जयंती पर गांधीपुरी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में महिला संवर्ग संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा पारीक ने की। संगोष्ठी तीन सत्रों में आयोजित हुई, जिनमें महिला सशक्तिकरण, संगठन में महिलाओं की भूमिका और शिक्षा-समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता इंदिरा धूपिया ने रानी अब्बक्का देवी को भारत की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए उनके 40 वर्षों तक पुर्तगालियों के विरुद्ध संघर्ष की गाथा प्रस्तुत की। उनके साहस के कारण उन्हें अभया रानी कहा जाता है।

मुख्य वक्ता चंदा सुवालका ने संगठन में महिला सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय आज 41 जिलों, 402 उपशाखाओं और 10 हजार से अधिक संकुलों में सक्रिय है। इसकी संबद्धता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से है। सुधा पारीक व संतोष अलोरिया ने शिक्षक संघ के मूल सिद्धांतों और सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा वर्षभर बालिका शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में नव चयनित आरएएस अधिकारी ज्योत्सना राणावत का विशेष सम्मान किया गया।संगोष्ठी महिला नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के संदेश के साथ सम्पन्न हुई।

# महुआ में 6 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित छह दिवसीय महुआ कबड्डी प्रीमियर लीग का समापन हुआ। अंतिम दिन खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में महुआ लायंस और महुआ पायरेट्स आमने-सामने हुए, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए महुआ लायंस ने खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देवराज माली को बेस्ट रेडर, रणवीर सिंह को बेस्ट डिफेंडर तथा सुरेश वैष्णव को बेस्ट ऑलराउंडर चुना गया। समापन समारोह में टूर्नामेंट स्पॉन्सर शुभम तिवारी, मुकेश कुमार खटीक, रामेश्वर माली, नटवर खटीक, अरविंद शर्मा सहित आयोजन समिति के सदस्य लोकेंद्र सिंह शक्तावत, दुर्गेश मेवाड़ा, प्रहलाद वैष्णव, देवराज माली, मोनू सिंह, सुरेश वैष्णव, मुकुल खटीक आदि मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से घर-घर जाकर वितरण कर रहे गणना- प्रपत्र

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना-प्रपत्र वितरित कर रहे हैं । इस दौरान बीएलओ प्रत्येक मतदाता परिवार से आवश्यक जानकारी लेकर दोनों प्रपत्रों को भरवा रहे हैं, जिनमें से एक प्रपत्र की प्रति रसीद के रूप में मतदाता के पास सुरक्षित रहेगी । बीएलओ पिछले वर्ष की मतदाता सूची का मिलान करते हुए नए मतदाताओं का पंजीकरण, नामों में संशोधन तथा स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की एंट्री हटाने की प्रक्रिया कर रहे हैं । ग्रामीणों से अपील है कि वे 4 दिसंबर से पहले आवश्यक विवरण भरकर बीएलओ को सौंपें, ताकि बिना किसी परेशानी के उनका नाम मतदाता सूची में शामिल या अपडेट किया जा सके । इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी चुनावों में गांव का हर पात्र मतदाता सटीक और अपडेटेड मतदाता सूची में दर्ज हो सके ।

### नशा मुक्त हो भारत हमारा संकल्प के साथ बजरंग दल का रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल महानगर द्वारा संस्कार सप्ताह के तहत नशा मुक्ति और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर में तीन स्थानों मोदी ग्राउंड, शारदा चौराहा और महाराणा प्रताप सर्कल पर युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, विहिप पदाधिकारियों व प्रखंड स्तर के अतिथियों ने भगवा ध्वज दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। दौड़ के दौरान कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्त हो देश हमारा के उद्घोष के साथ जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम में अनेक कार्यकर्ता, संगठन और शिक्षण संस्थानों ने सहभागिता की।

### कल्याणपुरा में श्रीमद् भागवत कथाः पंडित प्रेम नारायण ने बताया भक्ति का सार, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर।** उपखण्ड क्षेत्र के कल्याणपुरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को तृतीय सोपान का वाचन कथा वाचक पंडित प्रेम नारायण द्वारा किया गया। प्रवचन के दौरान उन्होंने भक्ति का महत्व समझाते हुए पाँच प्रमुख सूत्रों पर विशेष प्रकाश डाला। पंडित प्रेम नारायण ने कहा कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें दिखावा नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण और विनम्रता का भाव हो। उन्होंने बताया कि भक्ति को हमेशा गुप्त और पवित्र रखना चाहिए, भक्ति में कभी अहंकार नहीं होना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में निराशा का भाव नहीं आना चाहिए, हर कार्य भगवान के स्मरण से आरंभ करना चाहिए और प्रतिदिन भगवान से संवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही पाँच सूत्र व्यक्ति को सच्चे भक्त की पहचान देते हैं।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भक्ति गीतों और कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं ने भक्ति सूत्रों को आत्मसात किया। यह सात दिवसीय कथा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

### महिला संवर्ग संगोष्ठी का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**(दिलखुश)** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सावर में महिला संवर्ग संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अनिता खरे ने की, जबकि मैना मीणा विशिष्ट अतिथि रहीं। संगोष्ठी में चंचल शर्मा ने महिला नेतृत्व और शिक्षा में बढ़ती भूमिका पर विचार रखे। प्रहलाद कुमावत ने संगठन की नीतियों व शिक्षक हितों की जानकारी दी।

विमला नांगला ने महिला शिक्षिकाओं के सामाजिक व बौद्धिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। अंतिम सत्र में पुष्पा शर्मा ने नई शिक्षा नीति, ओपीएस, वेतन विसंगतियों और रिक्त पदों की पूर्ति जैसे प्रमुख मुद्दों को उठाया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।